तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 अतिक्रमण की भेंट चढ़े दूरस्थ शिक्षा के लिए शासन द्वारा आवंटित भूखण्ड



## खबर संक्षेप

### मोतियाबिंद मुक्त भारत के लिए विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के अनुसार अटल वयो अभ्युदय योजना के स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटिजन्स के तहत मोतियाबिंद मुक्त भारत कार्यक्रम को कार्ययोजना में शामिल किया गया है। इसके तहत जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक, जो मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ति हैं, उनके चिन्हांकन के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय निकाय की संयुक्त तत्वाधान में मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पात्र हितग्राहियों का चयन किया जाएगा। इसी क्रम में शिविर का आयोजन 21 जनवरी को सामुदायिक भवन सोनहत में तथा 22 जनवरी को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मानस भवन में किया जाएगा। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित तिथियों पर शिविर स्थल में उपस्थित होकर जांच एवं लाभ के लिए पंजीयन करा सकते हैं।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**बैकुण्ठपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप शिक्षा की मुख्य धारा से अलग रह गए असाक्षर व्यक्तियों को मुख्य धारा में लाकर साक्षर बनाने के लिए उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार 26 जनवरी को पूरे जिले में उल्लास मेले का आयोजन किया जाएगा। साथ ही, जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए 26 जनवरी तक नवीन सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि साक्षरता मेले की तैयारी ग्राम स्तर पर तत्परता से की जाए तथा असाक्षर लोगों का सर्वेक्षण शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। बैठक के उपरांत जिले को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई। बैठक में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जितेन्द्र गुप्ता, विकासखंड बैकुंठपुर एवं सोनहत के सीईओ समेत अन्य मौजूद रहे।



### शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर रूपरेखा बनीं



**चरचा कॉलरी।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला चरचा में गत दिवस शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्यालय परिवार, पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम उत्साह, सहयोग और सकारात्मक संवाद का प्रतीक बना। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता उनके द्वारा की गई, इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त सदस्य, शिक्षकगण एवं काफी संख्या में पालक उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में संसाधनों की कमी, अध्ययन सामग्री, कक्षागत सुविधाओं एवं अन्य आवश्यकताओं से संबंधित समस्याएं मंच के माध्यम से रखीं। बच्चों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया तथा शीघ्र आवश्यक सुधार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### आए दिन होते हैं हादसे, उत्तल दर्पण हो गए क्षतिग्रस्त

# शहर में डेंजर जोन साबित हो रहे तिराहे




क्षतिग्रस्त कान्वेक्स मिरर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

साल बीता और नया साल 2026 की शुरूआत हो गई, लेकिन सड़क किनारे कुछ खास जगहों पर लगाया गया उत्तल दर्पण जो क्षतिग्रस्त हो गया था, उसे अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया।

सड़क किनारे कुछ जगहों पर लगाए गए सुरक्षा दर्पण सड़क दुर्घटनाओं से बचाव करता है, बावजूद इसके क्षतिग्रस्त कान्वेक्स मिरर को सुधार कार्य करने की दिशा में गंभीरता पूर्व ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर के सिविल लाइन मार्ग पर शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय के सामने टी प्वाइंट पर सुरक्षा के लिहाज से उत्तल दर्पण लगाया गया है जो बीते कई महीनों से क्षतिग्रस्त पड़ा हुआ है, लेकिन महीनों बीतने के बाद क्षतिग्रस्त उत्तल दर्पण को सुधार नहीं किया गया। नया साल 2026 की शुरूआत के साथ ही सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ हो गया। इस दौरान यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वाहन चालकों का नजर परीक्षण कराया जा रहा है, इसके अलावा स्कूलों में विद्यार्थियों को यातायात का पाठ पढ़ाया जा रहा है, इसके विपरीत सड़क पर सुरक्षात्मक संकेत जो क्षतिग्रस्त हो गया है, उसे सुधार करने की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### उत्तल दर्पण का खंभा गिरा तो फिर नहीं उठा

बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर ग्राम खरवत में रेल्वे अंडरबीज के नीचे मोड पर उत्तल दर्पण किनारे में लगाया गया था। वाहन की ठोकर से यहां का उत्तल दर्पण का खंभा नीचे गिर गया और दर्पण पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। करीब सालभर पहले क्षतिग्रस्त उक्त जगह के उत्तल दर्पण को फिर से सुधारा नहीं जा सका है।

#### तीसरी आंख का करता है काम

जानकारी के अनुसार सड़क किनारे उत्तल दर्पण ऐसे जगह पर लगाया जाता है, जहां पर सड़क का टी प्वांइट होता है। सड़क किनारे लगाए जाने वाले उत्तल दर्पण दुर्घटनाओं से बचाव करने में वाहन चालकों की मदद करता है। यह दर्पण अंधे मोड़ पर दूसरी तरफ से आने वाली गाड़ी जो नहीं दिखती वहां यह दर्पण दूसरी ओर का नजारा साफ दिखा देता है, जिसकी वजह से इसे तीसरी आंख भी कहा जाता है यह बडे क्षेत्र को शीशे में दिखा देता है।

# कंवर समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख की घोषणा



कंवर समाज के वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित विधायक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में 18 जनवरी को कंवर समाज का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन देर शाम तक संचालित रहा। सम्मेलन के प्रथम दिन बेरोजगार युवाओं के लिए शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं स्वरोजगार से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

द्वितीय दिवस आयोजित मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री भईयालाल राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। समाजजन के उत्साह को देखते हुए विधायक श्री राजवाड़े ने मांग पत्र के अनुरूप छग शासन से समाज भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए दिलाने की घोषणा की, जिससे उपस्थित लोगों में हर्ष व्याप्त हो गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा ने युवाओं से शिक्षा के साथ स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने भी समाज को संबोधित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ समारोह को जीवंत बनाया गया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को भी समाज द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज अध्यक्ष मनियार सिंह ने आभार व्यक्त किया। संचालन चंद्रिका प्रसाद पैकरा, दीवान सिंह एवं राकेश पैकरा ने किया। सम्मेलन में जिला सचिव अशोक कुमार पैकरा सहित सूरजपुर जिले से आए प्रतिनिधि एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

■ सम्मेलन में शामिल हुए क्षेत्रीय विधायक भईयालाल



# रोवर-रेंजर जम्बूरी में कोरिया जिले को मिली स्थायी भागीदारी

**चरचा कॉलरी।** भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा आयोजित प्रथम राष्टीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में छग के कोरिया जिले को स्थायी सहभागिता का गौरव प्राप्त हुआ है।

दल में हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चरचा के स्काउटर शिक्षक राजा राम देवांगन, गाइडर शिक्षक निशांत आरा, स्काउट-गाइड आरए अंशु, आर्यन शास्त्री, दुर्गेश राजवाड़े एवं संजीव गुप्ता शामिल रहे। प्रथम राष्टीय रोवर-रेंजर जम्बूरी का आयोजन ग्राम दूधली, जिला बालोद में 9 से 13 जनवरी तक किया गया। यह आयोजन राष्टीय जम्बूरी नई दिल्ली के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसमें देशभर से हजारों रोवर-रेंजर, स्काउट-गाइड एवं स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। कोरिया जिले से चयनित दल में 27 रोवर, 42 रेंजर सहित स्काउट-गाइड प्रशिक्षक एवं अधिकारी सम्मिलित रहे। प्रतिभागियों ने अनुशासन, सेवा भावना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिदिन आयोजित क्विज प्रतियोगिता में हिन्द विद्यालय चरचा की गाइड ⏭ शेष पेज 4 पर

### नेशनल क्रिकेट टीम में सार्थक का चयन



**अम्बिकापुर।** बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 6वीं के छात्र सार्थक का चयन 69वीं नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। सार्थक छत्तीसगढ़ शालेय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान के सीकर में 19 से 24 जनवरी तक होगा। सार्थक क्रिकेट प्रतियोगिता में भागीदारी करने के पूर्व शहर के गांधी स्टेडियम में आयोजित फिटनेस कैंप में शामिल हुए तथा जोनल मैनेजर ईशाद बैग, टीम मैनेजर विनोद यादव, कोच शौभिक दास गुप्ता के नेतृत्व में सीकर के लिए रवाना हुए। टीम को जबलपुर एक्सप्रेस से राजस्थान हेतु रवाना करने के दौरान डीईओ दिनेश झा, सहायक क्रीडा अधिकार विकास सिंह, बिरला स्कूल के प्राचार्य ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# विद्यार्थी जीवन ही राष्ट्र की उन्नति का श्रेष्ठ मार्गः सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरिया जिले के द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद के जन्म जयंती के अवसर पर निकाला गया। इसमें कोरिया जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं कोरिया जिले के अलग-अलग विद्यालयों के 800 विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

■ प्रदेश मंत्री सोनी का जोशीला स्वागत

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसी निमित्त जिला कोरिया द्वारा एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन कर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर सुरेन्द्र कुमार वैद्य, मुख्य वक्ता कोरिया विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी, प्रदेश मंत्री अनंत सोनी, कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव, नगर सह मंत्री संगीता सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता नागेश नाथ योगी ने समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को बताया एवं देश हित में युवाओं के योगदान को बताया। प्रदेश मंत्री श्री सोनी ने कहा कि कैसे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद निरंतर स्वामी जी जैसे महापुरुषों की स्मरण करती है और इनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार वैद्य ने भी समस्त विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को स्वामी जी के आदर्शों एवं पद चिन्हों पर चलना चाहिए। मंच संचालन विशाल यादव ने किया और अंत में आभार नगर सह मंत्री संगीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक प्रदीप, जिला संयोजक बलवीर पुषाम, कोरिया जिला विद्यार्थी विस्तारक यादव केशव राजवाड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विजेन्द्र मिश्रा, लोकनाथ, विजय राजवाड़े, महेश, कौशिक, सरिता सिंह, आरती सिंह, राजबली, शुभम सिंह, देव कुमार, एनी काशी, विकास, रूस्तम, सीमा, आंचल सिंह, खुशबू आदि मौजूद रहे।




कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश मंत्री अनंत सोनी।



निकला तिरंगा यात्रा।

# हाई स्कूल मैदान में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता



**मनेन्द्रगढ़।** महिला समता मंच द्वारा हाई स्कूल मैदान में पतंग उड़ाओ प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर की गणमान्य महिला जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं शिक्षाविदों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा यादव रहीं। विशिष्ट अतिथियों में भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, समाज सेविका श्रीमती अनिता फरमानिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा पटवा, श्रीमती जया कर, महिला समता मंच की संरक्षिका श्रीमती इंदिरा सेगर, विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के चेयरमेन संजय सेंगर, ब्लॉसम एकेडमी स्कूल के चेयरमेन जसपाल कालरा तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे। महिला समता मंच की अध्यक्ष श्रीमती रीता सेन के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता विगत 14 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती वीरांगना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें प्रथम स्थान तौकीक अंसारी, द्वितीय स्थान अलतम एवं तृतीय स्थान अरजीत अग्रवाल ने ⏭ शेष पेज 4 पर

### रोजगार मेला प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन कल

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हुए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 21 जनवरी को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लालपुर, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी के परिसर में आयोजित होगा।

### परिवहन विभाग ने अगली बार लाइसेंस निरस्तीकरण की दी चेतावनी

# स्कूली वाहनों की जांचः 51 वाहन पर 29 हजार का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में स्कूली बच्चों की सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला परिवहन विभाग द्वारा सोमवार को विशेष स्कूल वैन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चरचा, सोनहत एवं बैकुंठपुर क्षेत्र में संचालित कुल 110 स्कूल वैनों की जांच की गई।

जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाए जाने पर 51 स्कूल वैनों पर कुल 28,500 रूपए का चालान किया गया। प्रमुख रूप से बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन पाया गया। जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत ने वाहन चालकों एवं वाहन मालिकों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही बरतने पर लाइसेंस निरस्तीकरण सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। श्री भगत ने स्कूल प्रबंधन से भी अपील की कि वे अपने अधीन संचालित वाहनों एवं चालकों को स्पष्ट निर्देश दें और यह सुनिश्चित करें कि सभी नियमों का पालन हो। किसी भी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में संबंधितों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन विभाग ने बताया कि आगे भी इस तरह के चेकिंग अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।




सोमवार को विशेष स्कूल वैन चेकिंग अभियान के दौरान खड़ी वाहनें।

# स्वास्थ्य मंत्री ने विकास कार्यों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नववर्ष मिलन समारोह और पत्रकार संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पत्रकार केवल पत्रकार नहीं बल्कि लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ और हमारे मतदाता भी हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में कार्यों की गति तेज की गई है और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया गया है। प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 10 से बढ़ाकर 15 कर दी गई है। फिजियोथेरेपी सेवाओं का विस्तार हुआ है तथा मानसिक अस्पतालों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनेंद्रगढ़ में मेडिकल कॉलेज की मांग लंबे समय से थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। नर्सिंग कॉलेज को मेडिकल कॉलेज परिसर में ही स्थापित किया जायेगा और चिरमिरी में नर्सिंग आईआईटी पैटर्न पर विकसित होगा। पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रारंभ हो चुका है। रेलवे एवं सड़क कनेक्टिविटी पर बोलते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने बताया कि रेलवे से जुड़े कार्यों पर 241 करोड़ को 500 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।



पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चिरमिरी-बिलासपुर रेल मार्ग को रायपुर तक विस्तार करने के प्रयास किये जा रहे हैं। सड़क अधोसंरचना के अंतर्गत 350 करोड़ रुपयों की लागत से 100 से अधिक सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हसदेव नदी पर प्रदेश का सबसे ऊंचा मेरो-उधनापुर पुल, पाराडोल पुल तथा खड़गवां को जोड़ने वाली सड़क निर्माणाधीन है।

चिरमिरी-खड़गवां शॉर्टकट रोड का चौड़ीकरण कार्य भी जारी है। जल संसाधन विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि चिरमिरी में 185 करोड़ रूपए की जलापूर्ति योजना की एनओसी प्रक्रिया चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की पुरानी नहरों में वर्षों बाद पानी पहुंचना शुरू हुआ है। केवई नदी परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित डैम से भविष्य में लगभग 6000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी और पूरा विधानसभा क्षेत्र लाभान्वित होगा।

कोयला खदानों को लेकर उठे सवालों पर मंत्री ने कहा कि किसी प्रकार के भ्रम में ना रहे, जहां सुरक्षा और नियमों के अनुसार संभव होगा, वहां खदानें चालू रखी जाएगी। अंजनहिल माइंस इसका उदाहरण है जो 12-15 वर्षों बाद पुनः शुरू होने जा रही है। स्वास्थ्य सुविधाओं पर उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल चिरमिरी में जल्द ही अंतरराष्टीय ब्रांड की डायलिसिस सेवा शुरू की जाएगी तथा मेडिकल कॉलेज में एमआरआई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। आरटीओ कार्यालय बंद होने के प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि वे मुख्यमंत्री से अनुरोध करेंगे कि राजस्व सृजन करने वाले सभी आवश्यक सेटअप पूर्ण रूप से संचालित हों।

## खबर संक्षेप

### प्रदेशभर में आज एक साथ होगी गौ विज्ञान परीक्षा

**रामानुजनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा का प्रथम चरण 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे से पूरे प्रदेश में एक साथ आयोजित किया जाएगा। यह परीक्षा प्रदेश के 33 जिलों के 6 हजार से अधिक शिक्षण संस्थानों में एक साथ संपन्न होगी, जिसमें 1 लाख 70 हजार से अधिक विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। संस्था द्वारा परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर को गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। परीक्षा तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सहभागी सभी विद्यार्थियों को संस्था की ओर से गौ विज्ञान ग्रंथ उपलब्ध कराया गया है, जिसमें गाय से संबंधित विभिन्न वैज्ञानिक तथ्यों को प्रमाणिक रूप से प्रस्तुत किया गया है। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने घरों में किचन गार्डन का निर्माण किया गया है, जिसका विधिवत प्रशिक्षण संस्था द्वारा प्रदान किया गया।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34वां वार्षिकोत्सव 23 को



**बिश्रामपुर।** नगर के बस स्टैंड समीप दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर का 34वां वार्षिक उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पावन अवसर पर श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा,इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार 23 जनवरी को मनाया जाएगा,जिसे लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं,वार्षिकोत्सव के एक दिवस पूर्व गुरुवार,22 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया जाएगा,जिसकी पूर्णाहुति अगले दिन बसंत पंचमी को होगी,बसंत पंचमी के दिन प्रातः 10 बजे से शास्त्रार्चन, पूजन एवं अभिषेक का आयोजन किया जाएगा,इसके पश्चात अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत हवन एवं आरती संपन्न होगी,धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के बाद दोपहर 1 बजे से अखंड भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है,वार्षिकोत्सव के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन व अन्य मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं,साथ ही परिसर को आकर्षक विद्युत झालरों, टेंट एवं पंडाल से सजाया-संवारा जा रहा है,मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

### मंत्री नेताम की पहल पर युवक का तमिलनाडु में होगा इलाज



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड 11 निवासी अमित कश्यप आ.जय गोविंद कश्यप (27 वर्ष) का विगत वर्ष में हुए एक सड़क दुर्घटना के बाद रीढ़ की हड्डी की गंभीर समस्या से पीड़ित हैं। इलाज के लिए आवश्यक ऑपरेशन में लाखों रुपये का खर्च आने के कारण परिवार आर्थिक संकट में था। इस स्थिति में अमित कश्यप ने दीन हीन सेवा समिति तथा कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम से संपर्क किया। मंत्री के सहयोग से मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इस राशि से उनका इलाज तमिलनाडु के सीएमसी वेल्लोर में किया जाएगा। अमित कश्यप एवं उनके परिजन ने इस सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम तथा दीन हीन सेवा समिति के प्रति आभार व्यक्त किया है। अमित कश्यप उर्फ ननकू के निवास पर मंत्री प्रतिनिधि राहुल गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के लड्डू कश्यप, जनपद सदस्य अशर्फी यादव एवं वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद सिद्धांत यादव, भाजपा नेता बीरबल सरुता ने पहुंचकर उनसे मुलाकात की, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### भारतीय किसान संघ ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** भारतीय किसान संघ ने धान खरीदी के विसंगतियां को दूर करने और धान खरीदी की तिथि 15 फरवरी तक बढ़ाने की मांग की है। अपनी मांगों को लेकर संघ ने कलेक्टर सरगुजा के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान संघ के लोगों ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा की जा रही धान खरीदी इस वर्ष शुरुआत से ही भारी अव्यवस्था का शिकार रही है, किसान लगातार अपनी उपज बेचने के लिए परेशान है लेकिन शासन प्रशासन की ओर से समस्याओं का कोई ठोस समाधान नहीं किया गया। कभी टोकन जारी नहीं होना, कभी खरीदी में सीमा लिमिट कम करना तो कभी खरीदी केन्द्र पर अव्यवस्था इन सभी कारण से किसान महीनों से भटकता रहा। शासन के दिशा निर्देश धान खरीदी केन्द्र की प्रक्रिया को सुगम करने का प्रयास करने की बजाय भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को ईमानदारी पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। भारतीय किसान संघ के प्रदेश युवा प्रमुख किशोर सिंह बघेल द्वारा बताया गया कि किसानों को इतना परेशान किया जा रहा है, शासन की नजर में जैसे लग रहा है की किसान धान की खेती नहीं बल्कि गांजा की खेती कर रहे है।

## जिले में प्रवास के दौरान सीएम ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# सेवा भाव के साथ जनहित में कार्य करें अधिकारी : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- विभिन्न योजनाओं का लिया जायजा

जिले के प्रवास पर पहुंचे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने शनिवार की देर शाम अधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक ली। कलेक्टर एस जयवर्धन, एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिपं सीईओ विजेन्द्र पाटले की उपस्थिति में आयोजित बैठक के दौरान सीएम ने धान खरीदी की वस्तुस्थिति पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सीएम ने किसानों की सहूलियत, धान खरीदी से लेकर उठाव जैसे विषयों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। स्वास्थ्य को लेकर भी आवश्यक जानकारी ली गई, सीएमएचओ को निर्देशित किया गया कि सभी क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिले। उन्होंने चांदनी बिहारपुर जैसे दूरस्थ अंचलों के विषय पर भी जानकारी ली और वहां की बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव बना कर भेजने के निर्देश कलेक्टर को दिए गए ताकि शीघ्र उन स्थानो पर बेहतर सेवा उपलब्ध करायी जा सके। सीएम ने सड़क की वस्तुस्थिति को लेकर विस्तृत चर्चा व सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इस बात पर विशेष बल दिया। बिजली व्यवस्था व पीएम सूर्य घर के संबंध में जानकारी ली। विद्युत विभाग के अभियंता को पीएम सूर्य घर के सकारात्मक पहलुओं का बेहतर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये ताकि आमजन को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने समस्त जिला अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी नियमित फील्ड विजिट करे व अपने कर्तव्य स्थल पर ही निवासरत रहें ताकि विकास की दिशा में बेहतर कार्य हो सके। उन्होंने सेवा भाव के साथ सभी अधिकारियों को जनहित मे कार्य करने की सलाह दी। इसके साथ ही सीएम ने प्रवास के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने समाज के हित में किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही सभी सामाजिक प्रतिनिधियों से कहा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में भागीदारी निभाने के लिए समाज को प्रेरित करें। इस दौरान कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक भुलन सिंह मरावी, वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भीमसेन अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री का स्वागत करते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

### सूर्यघर योजना के तहत सोलर सिस्टम का निरीक्षण

सीएम विष्णु देव साय ने रविवार को विकासखंड के सरना पारा, पर्री निवासी श्रीमती राजकुमारी द्विवेदी के निवास पर पहुंचकर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत स्थापित सोलर सिस्टम का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने घर की छत पर लगाए गए सोलर पैनल एवं उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और योजना के ज़मीनी क्रियान्वयन को नज़दीक से देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रीमती द्विवेदी एवं उनके परिवारजनों से आत्मीय बातचीत की और योजना से प्राप्त हो रहे लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराना है।

### पीएम आवास हितग्राही के घर पहुंचे

प्रवास के दौरान रविवार को सीएम श्री साय प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही कालीचरण के निवास पर पहुंचकर उनके पक्के आवास का निरीक्षण किया और परिवारजन से संवाद किया। मुख्यमंत्री का अपने घर पर आगमन पाकर हितग्राही एवं उनके परिजन भावविभोर दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का मूल उद्देश्य यही है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी बुनियादी आवश्यकता से वंचित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पक्का घर केवल चार दीवारें और छत नहीं, बल्कि वह परिवार के लिए सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन की नींव होता है। सरकार की प्राथमिकता है कि गरीब, वंचित और जरूरतमंद परिवारों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास के संकल्प को पूरी प्रतिबद्धता के साथ ज़मीन पर उतार रही है।



# सूचना तंत्र को सशक्त करने ली कोटवारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- कोटवारों के कर्तव्यों व दायित्वों की दी गई जानकारी, 15 गांवों के कोटवार हुए शामिल

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग,नवा रायपुर द्वारा ग्राम कोटवारों के कर्तव्यों एवं उपस्थिति के संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन में रविवार को लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटवारों की बैठक आयोजित की गई,

बैठक में चौकी क्षेत्र के कुल 15 ग्राम कोटवार उपस्थित रहे,इस दौरान उपस्थित कोटवारों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी गई,कोटवारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने ग्राम में मुसाफिर पंजी अनिवार्य रूप से संधारित करें तथा माह में दो बार चौकी/थाना में उपस्थित होकर गांव में होने वाली अवांछित गतिविधियों एवं अपराधों की जानकारी पुलिस को दें,इसके साथ ही कोटवारों को अपने-अपने ग्राम में जन्म एवं मृत्यु से संबंधित रजिस्टर संधारित करने तथा इसकी नियमित सूचना ग्राम सचिव को देने के निर्देश भी दिए गए। उक्त बैठक के माध्यम से ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र को सशक्त करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोटवारों की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया,इस दौरान लटोरी चौकी प्रभारी अरुण कुमार गुप्ता,सहायक उप निरीक्षक मानिक दास,प्रधान आरक्षक रामनिवास तिवारी, आरक्षक विकास मिश्रा, संतोष जायसवाल, मनोज सिरदार सहित ग्राम कोटवार अमरसाय, पंचम दास, बाबूलाल एवं अन्य उपस्थित रहे।

### लम्बे समय से बीमारी से तंग होकर महिला ने की खुदकुशी

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर पंडरीपारा निवासी 40 वर्षीया महिला ने लम्बे समय से बीमारी से तंग होकर अपने घर में खुदकुशी कर ली है,मृतिका के पति की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतिका फुलमेतबाई को पाइल्स बीमारी की शिकायत लंबे समय से थी जिससे वह अक्सर दर्द से परेशान रहती थी,शुक्रवार को वह अपने पति के साथ मायके लाछा से उपचार कराकर लौटी थी, इसी दौरान उसने घर के कमरे में फांसी का फंदा बना खुदकुशी कर ली,परिजन की रिपोर्ट पर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ की जिला एवं ब्लॉक इकाई प्रतापपुर की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। 16 जनवरी को ब्लॉक इकाई प्रतापपुर की एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी एवं ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सिंह के अनुमोदन के पश्चात सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन एवं विस्तार किया गया। प्रतापपुर विकासखंड से कई शिक्षकों को जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं। जिला कार्यकारिणी में भूपत सिंह चौहान को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती प्रतिमा सिंह को जिला उपाध्यक्ष, कृपाल नाथ तिवारी को महिला प्रकोष्ठ जिला संगठन सलाहकार, धर्मपाल सिंह को जिला संयोजक, भास्कर सिंह को जिला सचिव, करमचंद गुप्ता को जिला महामंत्री तथा बहादुर खान और अखिलेश पांडे को जिला संगठन सचिव नियुक्त किया गया है। ब्लॉक स्तर पर राजकुमार सिंह को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। मोतीलाल सिंह को संरक्षक, जनार्दन गुप्ता एवं मुन्ना राजवाड़े को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आनंद गुप्ता, दुर्गा शरण सिंह एवं महेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। कुंदन मिश्रा संगठन सलाहकार, शैलेश जायसवाल सचिव, महावीर राम एवं शिव दुलार पाटले महामंत्री, अजय कुशवाहा कोषाध्यक्ष, उज्जैन यादव मीडिया प्रभारी, विनय तिवारी प्रवक्ता, विष्णु जायसवाल, सरजू प्रसाद धुर्वे एवं मुकेश राजवाड़े संगठन सचिव तथा रामेश्वर राजवाड़े को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। महिला प्रकोष्ठ के विस्तार को लेकर आगामी बैठक में निर्णय लेने पर सहमति बनी।

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर हुई जिला स्तरीय कार्यशाला



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी का भाजपा कार्यालय में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का जिला स्तरीय कार्यशाला सांसद चिंतामणि महाराज, संभाग प्रभारी अंबिकेश केशरी व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई।

सरगुजा संभाग प्रभारी अंबिकेश केशरी ने भारत जी राम जी अधिनियम के विस्तार से जानकारी दी। जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था वहीं इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। खेती - किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए भी अधिनियम में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है। जिला स्तरीय कार्यशाला आगामी दिनों मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित कर जनजागरण अभियान किया जाएगा।

इस दौरान गोपाल कृष्ण मिश्रा, अजीत सिंह, शशिकला भगत, संजय सिंह, दीनानाथ यादव, अरुण केसरी,अजय गुप्ता, हीरामणि निकुंज, मुकेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, बसंती भगत, अजय यादव, सुषमा मिंज, मंगलम पाण्डेय, विजय प्रताप सिंह, सीताराम गुप्ता, धीरेन्द्र द्विवेदी, शिव शंकर शुक्ला, रजनी सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# युवा उड़ान में विद्यार्थियों को मिलेगा करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग सरगुजा के विद्यार्थियों के लिए करियर-उन्मुख कार्यक्रम युवा उड़ान 2026 का आयोजन 22 जनवरी को सुबह 11 बजे कला केंद्र मैदान में आयोजित करेगा। युवा आयोग द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय तोमर ने जिले के वरिष्ठ प्राध्यापकों व शिक्षकों का सम्मान करते हुए कार्यक्रम के पोस्टर विमोचन किसर। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सुपर 30 के संस्थापक और पद्मश्री से सम्मानित गणितज्ञ आनंद कुमार विद्यार्थियों को युवाओं के बीच लोकप्रिय लेखक नीलोत्पल मृणाल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और छात्रों से सपनों, संघर्ष, अनुशासन और करियर से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरगुजा के विद्यार्थियों में शिक्षा, करियर विकल्पों और भविष्य की तैयारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि उन्हें सही दिशा और मार्गदर्शन मिल सके। यह कार्यक्रम कक्षा 9वीं से लेकर कॉलेज तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है इस आयोजन में छात्रों को प्रेरणा, आत्मविश्लेषण और करियर निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलेगा। उपस्थित विद्यार्थियों को अध्ययन रणनीतियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर संभावनाओं और जीवन कौशल पर व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। युवा आयोग ने जिले के सभी स्कूल, कॉलेज, शिक्षण संस्थानों और अभिभावकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को भाग लेने हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया है। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार झा, बीके वर्मा, एसके त्रिपाठी, आरके सेगर, सुदामा मिश्र, कैलाश दीक्षित, ब्रजेश पाण्डेय, देवेंद्र नाथ दुबे, दिवाकर वर्मा, दिनेश्वर भगत व संतोष दास सरल, रविशंकर तिवारी, रामकुमा, सर्वजीत पाठक आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ भारत मिशन की राज्य सलाहकार ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- स्वच्छता दीदियों व गामीणों से की मुलाकात

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्मित परिसम्पत्ति एवं गतिविधियों की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने हेतु राज्य सलाहकार राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण श्रीमती मोनिका सिंह ने जनपद पंचायत अम्बिकापुर एवं उदयपुर का निरीक्षण किया।



उन्होंने उदयपुर जनपद परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम उदयपुर, रामनगर, पुटा, झिरमिट्टी तथा अंबिकापुर परिक्षेत्र के ग्राम सकालो व अजीरिमा में मिशन अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों एवं घटकों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों व पंचायत स्तरीय अमलों को संबोधित करते हुए मिशन के कार्यों व विभिन्न घटकों को ज्यादा से ज्यादा प्रचारित व प्रसारित करने कहा। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अन्तर्गत संलग्न महिला स्व सहायता समूह से चर्चा की साथ ही घर पर ही गीले व सूखे कचरे को पृथक-पृथक करने हेतु लोगों स्वच्छाग्रह किया। इस दौरान 15वें वित्त से समूहों के मानदेय हेतु उपस्थित सचिव व सरपंच को निर्देशित किया गया। सभी ग्रामीणों से यूजर चार्ज हेतु चर्चा एवं जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही सामुदायिक शौचालय व सोकपिट निर्माण के क्रियाशीलता, उपयोग तथा रखरखाव किए जाने कहा गया। इस दौरान ओडीएफ स्थायित्व व ओडीएफ प्लस ग्राम निर्माण को लेकर डोर-टू-डोर स्वच्छता संवाद करने, स्कूल एवं आंगनबाड़ियों में सम्पर्क कर स्वच्छता के महत्व को बताए जाने, मॉडल ग्राम निर्माण को लेकर कोटवार एवं चौकीदार के माध्यम से नियमित स्वच्छता मुनादी करने, प्रत्येक शनिवार और रविवार को विशेष स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन तथा स्वच्छाग्राही दीदीयों का नियमित स्वास्थ्य परिक्षण, जिला एवं जनपद स्तर पर सम्मान करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित शिक्षकों का तीन केंद्रों में प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 295 प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने लिया हिस्सा

विकासखंड सूरजपुर में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापन करा रहे शिक्षकों का नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण शासकीय तीन अलग अलग केंद्रों में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 295 प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण डाइट अंबिकापुर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान आयोजित समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक संजय गुप्ता ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में सीखी गई शिक्षण विधाओं को केवल कागजों तक सीमित न रखा जाए,उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब इसका सीधा लाभ बच्चों को मिले और उनके सीखने के स्तर में सकारात्मक सुधार दिखाई दे।संयुक्त संचालक ने शिक्षकों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई नई शिक्षण पद्धतियों और गतिविधियों का नियमित रूप से कक्षा शिक्षण में प्रयोग किया जाए,बच्चों को रोचक तरीके से पढ़ाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण और उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने रटंत पद्धति को त्यागकर खेल-खेल में एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर जोर देने की बात कही। श्री गुप्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण के उपरांत विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जाएगा, जिसमें यह देखा जाएगा कि शिक्षक प्रशिक्षण में प्राप्त कौशल का वास्तविक उपयोग कक्षाओं में कर रहे हैं या नहीं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण केवल एक औपचारिकता नहीं है,सरकार द्वारा शिक्षकों के कौशल विकास पर भारी निवेश किया जा रहा है,यदि यह ज्ञान बच्चों तक सही रूप में नहीं पहुँचता,तो यह संसाधनों का अपव्यय है। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल ने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात विद्यालय स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर उसका नियमित क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए,ताकि बच्चों की समझ,रुचि एवं शैक्षणिक उपलब्धियों में गुणात्मक वृद्धि हो सके। संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य ने प्रशिक्षणार्थियों से अपेक्षा जताई कि वे प्राप्त प्रशिक्षण को व्यवहार में उतारते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं,प्रशिक्षण कार्यक्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर की प्राचार्य सुचिता खलको, बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े सहित मास्टर ट्रेनर्स चंद्रकला कुशवाहा,जीवंती एक्का, मनीष केहरी,राजेश जायसवाल,मेरी रोशन लकड़ा, सुनीता यादव,बसंत मंडल,सुनीता भगत एवं सरिता तिर्की उपस्थित रहे, प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रभारी के रूप में गौरी शंकर पांडेय, जितेंद्र तिवारी, पंकज सिंह, सुधीर पटेल, कीर्ति कौशल दुबे एवं संतोष बड़ा सक्रिय रहे।



## ग्राम करंजी में बालक छात्रावास व हाई स्कूल परिसर में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर दस दिनों से खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम करंजी में प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास एवं हाईस्कूल परिसर के पास लगा विद्युत ट्रांसफॉर्मर पिछले करीब दस दिनों से खराब पड़ा है जिस कारण पूरे परिसर की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। बिजली बंद होने से छात्रावास में रहने वाले दर्जनों बच्चों को रोजमर्रा के कामों के साथ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,ठंड के समय शाम होते ही पूरा परिसर अंधेरे में डूब जाता है।

मोबाइल के टॉर्च के जरिए पढ़ाई करने वाले छात्र पूरी तरह असहाय हो चुके हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि आगामी दिनों में स्कूल की वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं, लेकिन बिजली गुल रहने से बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। छात्र ढिबरी युग में पढ़ने को मजबूर हैं जिससे न केवल उनकी



आंखों पर असर पड़ रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी बढ़ता जा रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि शिक्षा से जुड़े संस्थानों के समीप स्थापित ट्रांसफॉर्मर इतने दिनों तक खराब रहना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। ग्राम करंजी के सरपंच ने मुख्य अभियंता विद्युत विभाग सूरजपुर को पत्र लिखकर खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को तत्काल बदलकर नये ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### तेलसरा में हुआ मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम

**रामानुजनगर।** ग्राम पंचायत तेलसरा में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर करने, मजदूरों को पलायन के लिए मजबूर करने तथा उनके हक और अधिकार छीनने के प्रयासों का विरोध किया गया। इस अवसर पर जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को मनरेगा से जुड़ी योजनाओं, अधिकारों और वर्तमान समस्याओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा है और इसे कमजोर करना गरीबों के हितों के खिलाफ है। कार्यक्रम में इस्माइल खान, मेहंदी लाल यादव, महेंद्र साहू, विजय साहू, सम्राट प्रजापति, चंद्रदत्त दुबे, हेमंत साहू, अनिरुद्ध साहू, मनोज, सुरजीत पटेल, विजय, धर्मजीत साहू, हरि राजवाड़े, राम ठाकुर, भागवत पीतांबर, हीरालाल देवांगन, प्रदीप देवांगन, विजय देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल



रामानुजनगर। ग्राम पंचायत उमेशपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र साहू रहे। जन चौपाल में ग्रामीणों को मनरेगा की मूल भावना, उद्देश्यों एवं अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मनरेगा योजना को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण मजदूरों के रोजगार और आजीविका पर संकट उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होने कहा गया। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, विजय साहू, हेमंत साहू, सुपारी लाल, राजवाड़े, चंद्रदत्त दुबे, रायसिंह, प्रदीप राजवाड़े, राजेश सोनी, राममिलन, जागेश्वर राजवाड़े, रामप्रसाद सिंह, संत सिंह, अरुण सोनी, सुनीता सिंह, रामेश्वरी सिंह, सूरज सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### किसानों को ड्रिप इरिगेशन का दिया गया प्रशिक्षण



रामानुजनगर। ग्राम विकास पहल के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र में 21 किसानों को ड्रिप इरिगेशन प्रणाली विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों से अवगत कराकर उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि करना है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ. संदीप शर्मा एवं पीआर. पैकरा द्वारा किसानों को ड्रिप इरीगेशन प्रणाली की तकनीकी जानकारी, इसके लाभ, स्थापना प्रक्रिया तथा रखरखाव के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक खाद एवं उनके महत्व की जानकारी दी गई।

### ढोल नहीं देने से नाराज युवकों ने युवक की पिटाई

**अम्बिकापुर।** महादेव खेलने के लिए ढोल नहीं देने से नाराज हुए दो युवकों ने एक युवक की बेदम पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम असकला आमापारा निवासी रमेश पैकरा आ. सबल सिंह (25 वर्ष) गत दिन घर के आंगन में बैठा था। इसी दौरान गांव के ही गर्रा व बलबीर पहुंचे और महादेव खेलने के नाम पर युवक से उसके ढोल को मांगने लगे। युवक ने परिजन से पूछकर ले जाने की बात कही तो दोनों नाराज हो गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सांसद ज्योत्सना महंत हुई शामिल

# आमसभा के बाद कलेक्टर कार्यालय का घेराव

**हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़**



जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में पहले एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा के उपरांत कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं काफी संख्या में आम नागरिकों ने संगठित रूप से कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर अपना तीव्र विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम के दौरान जनता का आक्रोश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया और प्रशासन से तत्काल, ठोस व प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई। आम सभा को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम जनता की बुनियादी समस्याओं को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है।

मनरेगा को कमजोर करने की साजिश, किसानों को परेशान करना, अतिक्रमण के नाम पर गरीबों के घर तोड़ना, दूषित पेयजल से मौतें और बिजली कटौती जैसी घटनाएं सरकार और प्रशासन की विफलता का परिणाम हैं। कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में प्रशासनिक संवेदनशीलता पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। कलेक्टर प्रशासन जनता की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान नहीं ले रहा है। आम सभा और कलेक्टर कार्यालय घेराव के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया है कि अब अन्याय और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि यह आंदोलन केवल कांग्रेस का नहीं, बल्कि जिले की जनता की सामूहिक आवाज है। जब तक गरीब, किसान, मजदूर और कर्मचारी वर्ग को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक यह संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। रोजगार के अवसर लगातार घट रहे हैं और युवा हताश हैं। आम सभा और घेराव में युवाओं की भारी भागीदारी यह साबित करती है कि अब युवा वर्ग अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेगा। विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह ने कहा कि दूषित पानी से हो रही मौतें और लगातार बिजली कटौती सरकार व प्रशासन की असफलता का जीवंत प्रमाण हैं। जनता इन मुद्दों को कभी नहीं भूलेगी और समय आने पर भाजपा सरकार को करारा जवाब देगी।

ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि आम सभा के बाद कलेक्टर कार्यालय घेराव यह संदेश है कि जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस समाधान चाहती है। यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप लेगा। इस कार्यक्रम में कोरबा लोकसभा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं विनय जायसवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे, विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, श्रीमतीव पूनम सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल, राजकुमार केसरवानी, मनेन्द्रगढ़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण अध्यक्ष रामनरेश पटेल, चिरमिरी ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर कमरो, जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर सिंह, कोटाडोल ब्लॉक अध्यक्ष रामु सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष कासिम अंसारी, दिव्यम पाण्डेय, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हाफिज मेमन, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रूमा चटर्जी एवं निर्मला चतुर्वेदी, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमोल सिंह, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उपेन्द्र द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी तिवारी सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम नागरिक में उपस्थित रहे। आम सभा एवं कलेक्टर कार्यालय घेराव के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि भाजपा सरकार और जिला प्रशासन यदि जनसमस्याओं की अनदेखी करता रहा, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और अधिक तीव्र, व्यापक और निर्णायक रूप लेगा।

## भव्य स्वागत के साथ चरचा पहुंचीं साध्वी सरस्वती



**कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के सुभाष नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल एक बार फिर आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति और धार्मिक आस्था का प्रमुख केन्द्र बनने जा रहा है। यहां 20 से 26 जनवरी तक भव्य श्रीकृष्ण श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जो निरंतर एक सप्ताह तक चलेगा। कथा के समापन अवसर पर 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी क्रम में सोमवार शाम 5:30 बजे चरचा बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर परिसर में प्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री साध्वी सरस्वती जी का सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। साध्वी सरस्वती ने सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ का विधिवत दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा इसके पश्चात चरचा की पावन धरा पर पहुंचकर श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट-मुलाकात की।

इस अवसर पर साध्वी सरस्वती जी ने कलश यात्रा एवं कथा स्थल की तैयारियों का निरीक्षण भी किया और आयोजन समिति की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साध्वी सरस्वती जी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला महायज्ञ है। भगवान श्रीकृष्ण का चरित्र मानव को प्रेम, करुणा, धर्म और कर्म का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह, रोशन ओझा, राम सिंह, दीपक ठाकुर, साहिबा सेठी, संजय साहू, सूरज सिन्हा, अंचल किशोर राजवाड़े, अंकित अग्रवाल, विनोद सिंह, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, प्रभात दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष उर्मिला सिंह, काजल मोदी, साक्षी सिंह, सिमरन, रेनू सिंह, सीमा रानी, शिल्पा शर्मा, राहुल मलिक सहित महिला पुरुष, सर्व हिंदू समाज, नवयुवक संघ सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## राधारमन नगर में चलित थाने का आयोजन

**वेस्ट चिरमिरी।** पोड़ी थाना एवं नागपुर पुलिस चौकी द्वारा थाना पोडी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राधा रमन नगर में चलित पुलिस थाना लगाकर ग्राम वासियों को साइबर अपराध, यातायात जागरूकता राहवीर योजना सिटीजन सेंटिनल के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक जेएल गायकवाड़ ने ग्राम वासियों को बताया कि आज सभी को साइबर फ्रॉड से बचने की आवश्यकता है। साइबर अपराधी आपकी अज्ञानता का लाभ उठाकर आपसे ऑनलाइन धोखाधड़ी कर आपके पैसे ठग लेते हैं। ऐसे में आप किसी भी अज्ञात नंबर से आए कॉल को रिसीव ना करें और किसी भी संदिग्ध एप या मैसेज पर क्लिक न करें। चौकी प्रभारी शेष नारायण सिंह ने यातायात संबंधी जानकारी देते हुए राहवीर योजना के बारे में बताया कि किसी के मोटरयान से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर उसे यथाशीघ्र अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसी मदद करने वाले व्यक्ति को सरकार के द्वारा 25000 के पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। ग्राम वासियों ने पुलिस द्वारा चलित थाना आपके द्वार योजना की प्रशंसा करते हुए इससे कई नई जानकारियां मिलने की बातें कहीं।

## छग कृषि स्नातक संघ एमसीबी ने किया वॉल व टेबल कैलेंडर का विमोचन



**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ जिला इकाई एमसीबी द्वारा 19 जनवरी को वर्ष 2026 के वॉल कैलेंडर एवं टेबल कैलेंडर का विधिवत विमोचन उप संचालक कृषि कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप संचालक कृषि जिला एमसीबी इंद्रासन पैकरा उपस्थित रहे।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य पीएल तिवारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संघ द्वारा प्रकाशित कैलेंडर की सराहना करते हुए कहा कि यह कैलेंडर न केवल तिथियों का संकलन है, बल्कि कृषि अधिकारियों की एकता, संगठनात्मक मजबूती एवं किसानों के हित में कार्य करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कैलेंडर में कृषि विभाग से जुड़े महत्वपूर्ण दिवसों एवं उपयोगी जानकारियों को समाहित किया गया है। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव एवं जिलाध्यक्ष दीपक कुमार साहू ने कहा कि छग कृषि स्नातक संघ सदैव कृषि अधिकारियों के हित, सम्मान एवं किसानों की सेवा के लिए संगठित होकर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के प्रांतीय प्रतिनिधि आशीष नामदेव, जिला उपाध्यक्ष हर्ष अहिरवार, सचिव विकास चौरसिया एवं सूरज सिंह भगत, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ नफीस आलम, ब्लॉक अध्यक्ष खड़गवां अमित सेन, अंशुल जायसवाल सहित काफी संख्या में कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सेजस महलपारा में शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**बैकुण्ठपुर।** 19 जनवरी को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय महलपारा बैकुंठपुर में शिक्षक-पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ करना, उनके शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास के लिए विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य मजबूत समन्वय, सहभागिता एवं संवाद स्थापित करना रहा। बैठक में अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर शशिभूषण पाण्डेय, टिकेश्वर साहू, शिवप्रताप सिंह, सुरेन्द्र राजवाड़े एवं वीरेन्द्र जायसवाल द्वारा अभिभावकों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षिकाएं प्रीति खाखा, रिंकी श्रीवास्तव, जी. नेहा, शालू अग्रवाल एवं मंजू कुमार ने अभिभावकों से सार्थक संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति साझा की तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक शैक्षणिक, नैतिक एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य राजीव जायसवाल ने अभिभावकों की सक्रिय सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों को मोबाइल एवं डिजिटल व्यसनों से दूर रखने, नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण बनाए रखने पर विशेष बल दिया।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमिति सूची जारी

**हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर।**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की सूची घोषणा की गई, जो निम्नानुसार है - जिला उपाध्यक्ष गोपाल राजवाड़े, पूर्णिमा दास, मंधारी यादव, जवाहर साहू, जिला महामंत्री सुरेन्द्र कुशवाहा, अहिल्या राजवाड़े, जिला मंत्री रामसुंदर राजवाड़े, बाबूलाल प्रजापति, धीरेन्द्र सोनी (गोलू), अरूण यादव, हरिओम साहू, जिला कोषाध्यक्ष मुद्रिका जायसावल, सह कोषाध्यक्ष देव प्रकाश राजवाडे, जिला कार्यालय मंत्री चंदन देवांगन, जिला मीडिया प्रभारी चन्द्रप्रकाश राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी साधना प्रजापति, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुनिल विश्वकर्मा, सह सोशल मीडिया प्रभारी बसंत पाल को जिला पदाधिकारी बनाया गया है, इसी क्रम जिला कार्यसमिति सूची में- श्यामनारायण यादव, सत्यनारायण राजवाड़े, काशी प्रसाद साहू, विनोद जायसवाल, भईयालाल साहू, दीपनारायण सोनी, टी.पी.ठाकुर, रामप्रताप प्रजापति, प्रदीप राजवाड़े, पूनम विश्वकर्मा, जयकरण राजवाड़े, शिवशंकर रजक, कृष्ण कुमार केवट, निलेश कुमार जायसवाल को जिला कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है।स्थाई आमंत्रित सदस्य - सुरेश राजवाड़े, सुमित राजवाड़े, चम्पाकली प्रजापति, सतेन्द्र यादव, संजय साहू, दिलबंधु विश्वकर्मा, बंसलाल साहू, अनूप प्रजापति जहेन्द्र राजवाड़े, नंद कुमार चक्रधारी, गोविंद वर्मा को बनाया गया है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी - बैकुण्ठपुर मंडल से जितेन्द्र यादव, चरचा मंडल से संजय देवांगन (पार्षद), सलका मंडल से शशि कुमार पाल, कुड़ेली मंडल से कुलेश्वर राजवाड़े, पटना मंडल से पप्पू साहू, बचरापोड़ी मंडल से प्रवीण साहू व सोनहत मंडल से जयकरण यादव के नामो की घोषणा की गई है।

## भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यसमिति सूची जारी

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में अजा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सनम जागड़े के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के सहमति से अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि ने अजा मोर्चा की जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की सूची घोषणा की गई, जो निम्नानुसार है। जिला उपाध्यक्ष धर्मजीत सोनवानी, सतोष सारथी, पप्पू कुर्रे, भंवरलाल कुर्रे, जिला महामंत्री लहरे सोनवानी, विक्की सारथी, जिला मंत्री अरूण पोया, रमेश पोया, रामनारायण सोनवानी, राज कुमारी, अवधेश कुर्रे, जिला कोषाध्यक्ष राजेश रवि, जिला सह कोषाध्यक्ष राकेश सोनवानी, जिला कार्यालय मंत्री राकेश सोनवानी, जिला मीडिया प्रभारी मीना सोनवानी, जिला सह मीडिया प्रभारी अनिता सोनवानी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश रवि, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी प्रेम कुमारी को जिला पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम जिला कार्यसमिति सूची में सूरज कुमार कुर्रे, शंभूदयाल, अमीर चंद्र, राजेश सारथी, राजेन्द्र सोनवानी, मनोज कुमार, विद्यादेवी, शिव कुमार, बसंत लाल रवि, छत्रपाल चौधरी, मनीषा सोनवानी, सुनिल रवि, बृज मोहन कुर्रे, रामलखन, हीरालाल कुर्रे, देवशंकर सोनवानी को बनाया गया है। विशेष आमंत्रित सदस्य में संगीता सोनवानी, छत्रपाल चौधरी, धर्मपाल सोनवानी, सुनिता कुर्रे, गोपी दिनदयाल कुर्रे, ललन सोनवानी, शिवनाथ सोनवानी (गुड्डा), बृजमोहन कुर्रे को बनाया गया है।

## प्रत्येक गांव में स्वयं सेवकों की बने टीम



**वेस्ट चिरमिरी।** राष्टीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर 101 में वर्ष में प्रवेश कर चुका है। अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर संघ द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर वार्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर सामाजिक जीवन में संघ की भूमिका व सहभागिता सुनिश्चित कर समाज के अंतिम व्यक्ति व प्रत्येक गांव में अपने स्वयंसेवक तैयार करने के लिए लगातार कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में छग क्रांति के कोरिया जिले के चिरमिरी नगर इकाई द्वारा 18 जनवरी को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम 18-40 वर्ष आयु के विभिन्न वर्गों से संबंधित युवा जिसमें विद्यार्थी, शोधार्थी, व्यवसायिक, शासकीय सेवक,आशा की कर्मचारी आदि वर्गों के प्रतिनिधित्व करने वाले सज्जन, व मातृ शक्तियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। युवा किसी भी समाज की रीढ होते हैं। समाज में युवाओं की भूमिका व सहभागिता को बढ़ाते हुए सामाजिक जीवन में उनके दायित्वों को प्रेरित करते हुए राष्ट निर्माण के क्रम में उनके अतुलनीय योगदान की आवश्यकता को पूर्ण करने का प्रयास है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शांति स्वरूप दुबे प्रांत महाविद्यालय कार्य प्रमुख छग प्रांत विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री दुबे ने बताया कि अनुशासन जब स्वभाव में आता है तब इच्छा शक्ति सशक्त होती है। सशक्त इच्छा शक्ति के साथ अनुशासित युवा राष्टीय चेतना के साथ-साथ उसकी उन्नति का आधार स्तंभ होता है। यदि भारत को 2047 तक समृद्ध राष्ट बनाना है तो युवाओं को आगे आना होगा व अपने राष्ट के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए एक सशक्त राष्ट का निर्माण करना होगा। इस अवसर पर नगर के निवासरत विभाग व जिले के समस्त दायित्ववान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ 200 की संख्या में युवा शक्तियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

### अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली से किसान परेशान

# डीपाडीह कला धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़**

धान खरीदी केन्द्र डिपाडीह कला में भारी अव्यवस्था से किसान काफी परेशान है। धान उपार्जन केन्द्र में किसान अपनी उपज बेचने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। किसान अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली वैसे ही परेशान है वहीं उपार्जन केन्द्र में पेयजल, शौचालय सहित अन्य सुविधा नहीं होने से किसानों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। किसानों ने व्यवस्था बनाए जाने तथा अवैध तौल व अवैध वसूली के संबंध में जांच कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



विकासखंड शंकरगढ़ अंतर्गत डीपाडीह कला धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था के बीच धान खरीदी की जा रही है। किसानों ने बताया कि केंद्र प्रभारी द्वारा न तो पीने के पानी की व्यवस्था की गई है और न ही शौचालय की कोई सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे में दूर दराज क्षेत्र से अपनी उपज बेचने समिति में आए किसानों को 15 रूपए में बंद बॉटल पानी खरीद कर प्यास बुझाने को मजबूर है। इसके अलावा समिति परिसर में शौचालय की व्यवस्था नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। किसी किसान को शौच के लिए आसपास खुले स्थान में जाना पड़ता है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा निर्धारित 40 किलो 700 ग्राम के मानक के बजाय 41 किलो 300 ग्राम धान लिया जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके साथ ही समिति में मजदूरों की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण किसान स्वयं ही धान की हमाली करने को विवश हैं। उपार्जन केन्द्र में भारी अव्यवस्था होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। इधर जब किसान खरीदी प्रभारी गणेश पैकरा से व्यवस्था के संबंध में संपर्क किया तो वह अपनी जिम्मेदारी से बचते हुए न तो किसानों की समस्या सुनी और न ही किसी फोन कॉल रिसीव करना मुनासिब समझा। ऐसे में अब समिति में धान विक्रय करने वाले किसान डिपाडीह कला धान उपार्जन केन्द्र में भारी अव्यवस्था के बीच अपनी उपज बेचने को मजबूर है।

### निर्देश का नहीं हो रहा पालन

धान खरीदी केंद्र में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर अधिकारियों ने बैठक में कड़े निर्देश दिए है। हैरानी की बात तो यह है कि धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होती रहती है लेकिन बैठक का असर खरीदी केन्द्रों में देखने को नहीं मिलता और किसान भारी अव्यवस्था के बीच अपनी उपज बेचने को मजबूर है।

### किसानों ने की कार्रवाई की मांग

किसानों ने धान उपार्जन केन्द्र डिपाडीह में भारी अव्यवस्था तथा अतिरिक्त तौल को लेकर प्रशासन से जांच कराने की मांग की है। साथ ही पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी समिति प्रभारी को तत्काल निलंबित करने तथा धान खरीदी केंद्र में मूलभूत सुविधाएं, मजदूरों की व्यवस्था एवं तय मानक के अनुसार धान खरीदी सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्रभारी द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है लेकिन अब तक प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### नहीं मिली है शिकायत

समिति में अव्यवस्था सहित अतिरिक्त तौल के संबंध में किसी किसान द्वारा कोई शिकायत नहीं की गई है। शिकायत मिलने के बाद इसकी जांच कर समिति प्रबंधक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-अनमोल टोप्पो
एसडीएम शंकरगढ़

## खबर संक्षेप

### सरगुजा ओलम्पिक खेल में हिस्सा लेने पंजीयन 25 तक

**अंबिकापुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि संचालनालय खेल एवं कल्याण रायपुर द्वारा जारी पत्रानुसार सरगुजा ओलम्पिक खेल का पंजीयन प्रारम्भ हो चुका है, सर्व प्रथम प्रतियोगियों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन पंजीयन 12 जनवरी तक कराए जाने थे। जिसमें संशोधन करते हुए पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जनवरी तक है। उन्होंने बताया कि अब विकासखण्ड स्तरीय आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक, जिला स्तरीय आयोजन 5 फरवरी से 10 फरवरी तक, संभाग स्तरीय आयोजन 01 मार्च से 3 मार्च तक आयोजित होगा। बता दें विकासखण्ड स्तर पर पंजीयन हेतु इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन के साथ ही ऑफलाईन विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय- जनपद कार्यालय, नगर पंचायत अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला कार्यालय के माध्यम से किया जा सकेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्राम बैकुंठपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नाजरीन बेगम पति शेख कलाम जाति मुसलमान निवासी ग्राम बैकुंठपुर तहसील बैकुंठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम बैकुंठपुर प.ह.नं.-09 स्थित ख.नं. 166/174 रकबा 0.012 हे. भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1, नक्शा सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 28/1/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 13/1/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सक्षम प्राधिकारी (व्यपवर्तन)
एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया

### शिक्षण केन्द्र व क्षेत्रीय कार्यालय के लिए उपलब्ध कराई गई थी भूमि

# अतिक्रमण की भेंट चढ़े दूरस्थ शिक्षा के लिए शासन द्वारा आवंटित भूखण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि की मांग पर क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केंद्र खोलने के लिए शासन द्वारा आवंटित भूखण्ड अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। विवि के अधिकारी अब तहसीलों में भ्रमण कर अपनी संपत्ति तलाश रहे हैं। विवि को आवंटित भूखण्डों पर अवैध अतिक्रमण होने के कारण अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

**खास बात**

- अब विवि के अधिकारी तहसीलों में जाकर खोज रहे अपनी संपत्ति

शासन द्वारा दूरस्थ शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वर्ष 2005 में पं.सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि की स्थापना की गई थी। स्थापना उपरांत तत्कालीन कुलपति प्रो.जीडी शर्मा ने जिला मुख्यालयों में क्षेत्रीय कार्यालय एवं हर तहसील मुख्यालय में अध्ययन केन्द्र खोलने की योजना बनाई तथा प्रशासन से भूखण्डों की मांग की। विवि प्रबंधन सरगुजा संभाग में भी क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए भूमि की मांग की। जिला प्रशासन ने विवि की मांग पर वर्ष 2006-07 में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न तहसीलों में आवश्यकता के अनुरूप शासकीय भूमि आवंटित भी कर दिया। विवि प्रबंधन ने आवश्यकतानुसार भवन निर्माण करा क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केन्द्र खोल दिया जबकि अन्य स्थानों पर भविष्य में भवन बनाने के उद्देश्य से आवंटित भूमि को खाली छोड़ दिया। आज हालत यह है कि पं.सुंदर लाल शर्मा मुक्त विवि के अधिकांश परिसर अवैध अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कुलपति प्रो.वीके सारस्वत के नेतृत्व में विवि के अधिकारी तहसीलों में जाकर अपनी संपत्ति का पता लगा रहे हैं। बुधवार को कुलपति प्रो.सारस्वत कुल सचिव सहित अन्य अधिकारियों के साथ शहर के बनारस मार्ग स्थित विवि के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे तो यहां अवैध अतिक्रमण की हालत देख हैरान रह गए।



क्षेत्रीय कार्यालय भूमि का अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



परिसर में उपस्थित मुक्त विवि एवं एसजीजीयू के कुलपति एवं कुलसचिव।

## संचालित हो रही थी किराए की दुकानें

प्रशासन द्वारा मुक्त विवि के क्षेत्रीय कार्यालय के लिए अम्बिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे के किनारे लगभग 1.5 एकड़ शासकीय भूमि आवंटित की गई है। भूमि पर वर्षों से विवि का क्षेत्रीय कार्यालय संचालित हो रहा है। जबकि खाली भूमि पर दबंगों ने अतिक्रमण कर घर व दुकानें बनाकर किराया वसूल रहे थे। अवैध अतिक्रमण की बात पर दबंग स्थानीय लोगों से विवाद भी करते थे। विवि अधिकारियों की पहल पर तहसील कार्यालय द्वारा दो दिन पूर्व नोटिस जारी किया गया था। बुधवार को कुलपति प्रो.सारस्वत ने स्वयं उपस्थित होकर जेसीबी की मदद से अवैध अतिक्रमण को हटवाया। उन्होंने बताया कि परिसर की भूमि पर अभी भी अवैध अतिक्रमण है। तहसीलदार को भूमि को कब्जामुक्त करा सीमांकन करने पत्र लिखा गया है। अतिक्रमण हटने के बाद भूमि पर अध्ययन केन्द्र भवन का निर्माण किया जाएगा।

### अधिकारियों ने नहीं ली खोज-खबर

क्षेत्रीय कार्यालय एवं अध्ययन केन्द्र खोलने के लिए वर्ष 2006-07 में प्रशासन से भूमि आवंटित कराने के बाद मुक्त विवि के अधिकारी खाली भूखण्डों पर कार्यालय एवं अध्ययन केंद्र खोलने की दिशा में कोई पहल नहीं की न ही अपने भूखण्डों की खोज-खबर ही ली। नतीजा हुआ कि लोगों ने खाली शासकीय भूखण्ड मानकर भूमि पर कब्जा कर लिया। कुलपति प्रो.सारस्वत ने आदिवासी क्षेत्रों में अध्ययन केन्द्र खोलने की पहल प्रारंभ की तो अधिकांश भूखण्डों पर अवैध अतिक्रमण होने की जानकारी मिली। अब विवि के अधिकारी हर तहसील का भ्रमण कर अपनी भूमि तलाश रहे हैं तथा अवैध अतिक्रमण हटाने की पहल कर रहे हैं। राजस्व अमले का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से विवि के अधिकारी काफी निराश हैं।

### इन स्थानों पर मिली है भूमि

मुक्त विवि द्वारा एकीकृत सरगुजा जिलान्तर्गत अम्बिकापुर में क्षेत्रीय कार्यालय जबकि प्रेमनगर, प्रतापपुर, लुण्ड्रा एवं कुसमी में अध्ययन केंद्र संचालित किया जा रहा है। कुसमी का अध्ययन केन्द्र शासकीय महाविद्यालय में संचालित हो रहा है जबकि प्रशासन द्वारा अध्ययन केन्द्र के भवन को सुधार कर एकलव्य विद्यालय का छात्रावास बनाया जा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों ने विवि की अनुमति लिए बिना सुधार कार्य शुरू करा दिया है। अध्ययन केन्द्र के लिए प्रशासन द्वारा लुण्ड्रा, लखनपुर, मैनपाट एवं सीतापुर में 50-50 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराई गई

## पृष्ठ 1 का शेष

### रोवर-रेंजर जम्बूरी...

आरए अंशु को विशेष बैज प्रदान किए गए। उन्हें स्कार्फ, वोगल एवं कैंप ड्रेस पहनाकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में हिन्द विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नीरज गुप्ता, पत्रकार अंकित अग्रवाल, राजेन्द्र पाल, रमेश सिंह, विद्यालय प्राचार्य शशि भूषण राय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। चारों स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### हाई स्कूल मैदान...

प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में मंच की सभी महिला सदस्यों का उल्लेखनीय योगदान रहा। श्रीमती मालती अग्रवाल, मालनी अग्रवाल, डाली अग्रवाल, गंगा ताम्रकार, सूचिंता दास, माया सेन, भारती छतानी, चंदा वैश्य, विमला यादव, अनुपमा निशी, रेनु प्रसाद, किरण तिवारी, प्रिया नामदेव, प्रेमशिला, सुनीता शुक्ला, अल्का गांधी एवं अंजू पांडेय ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## फैशन में आए कटे फटे वस्त्र को किसी ने कहा दरिद्रता का प्रतीक तो किसी ने संस्कारों की कमी

**अम्बिकापुर।** फटे हुए वस्त्र इन दिनों फैशन का रूप ले चुके है। युवक युवती अक्सर फटे हुए कपड़े पहनकर घूमते नजर आ ही जाते है। युवक युवतियों के बीच फटे कपड़े पहनने को लेकर चले ट्रेंड को लेकर छाया की संस्थापिका मीनाक्षी अवस्थी ने शहर की महिलाओं से चर्चा की।

श्रीमती संध्या सिंह ने कहा कि आज समृद्ध संपन्न परिवारों के युवा ही नहीं बढ़ती उम्र की विशेषकर महिलाएं पीढ़ी भी नए फैशन को अपनाकर स्वयं को आधुनिक सिद्ध करने की कोशिश में उलजलूल कपड़े पहने दिख जाते है। बचपन से माता-पिता बच्चों को ब्रांडेड कपड़ों के नाम पर ऐसे कपड़े पहनाने लगे हैं जिसमें शरीर का अधिकांश अंग खुला ही रहता है। छोटे टॉप, स्लीवलेस कुर्ती और शॉर्ट पैंट पहनना आज सामान्य बात है। जिस उम्र में बच्चों में संकोच और शर्म का एहसास पैदा होता है, उस उम्र में उन्हे देह प्रदर्शन का आदी बना दिया जाता है। माता-पिता की नजरों में बच्चे हमेशा बच्चे ही रहते हैं लेकिन वे भूल जाते हैं कि उनकी दृष्टि और बाहरवालों की दृष्टि में बहुत फर्क होता है बचपन कब युवावस्था में बदल जाता है इसका अहसास भी नहीं होता और बाद में जब माता-पिता मना करते हैं तो बच्चों को यह अच्छा नहीं लगता। बार-बार का टोकना उन्हें और भी जिद्दी बना देता है जिसे वे जनरेशन गैप और स्वतंत्रता के अधिकार के साथ जोड़कर अपने अभिभावक को ही पिछड़े और रूढ़िवादी कहकर विरोध करने लगते है। इसका एक और मुख्य कारण उच्छृंखलता और निरंकुशता है आज ज्यादातर बच्चे अपने माता-पिता से लगत महानगरों में रह रहें है, कभी पढ़ाई के लिये या नौकरी के लिये जिससे उन पर कोई अंकुश नहीं है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

आपका विश्वसनीय "गौरव हॉस्पिटल"
अब इन संस्थाओं एवं इंश्योरेंस कंपनियों से अनुबंधित है
"कैशलेस सेवा का लाभ लें" हृदय एवं नेत्र रोग के लिए
Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
डॉ. शिफा असलम
एम.एस. (ऑफ्थेलमोलॉजी)
फेको, फेलो शंकर नेत्रालय, चेन्नई
सीनियर सर्जन,
साधुराम आई हॉस्पिटल, हैदराबाद
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
62 63 13 14 90
डॉ. असलम आरिफ
एम.डी., डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी),
एफएससीएआई, एफईएससी,
पूर्व सीनियर हृदयरोग सलाहकार,
मेडीसीटी हॉस्पिटल, हैदराबाद,
(हृदय रोग विशेषज्ञ)
AdPRAYAS